हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शनिवार, 5 मार्च, 2022/14 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 57

खेल मैदान

*4792 **श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बैजनाथ में निर्मित खेल मैदान के निर्माण एवं सुधारीकरण हेतु सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए हैं तथा कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है?

नर्सिंग संस्थान

*4793 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में कितने नर्सिंग संस्थान निजी क्षेत्र में खोले गए हैं; इन संस्थानों व उनके पदाधिकारियों के नाम पते सहित ब्यौरा सभा पटल पर रखें; और

(ख) इन संस्थानों को कितनी-कितनी सीटों का कोटा दिया गया है; राज्य के कौन-कौन से अस्पतालों के साथ इनको सम्बद्ध किया गया है; ब्यौरा दें?

निर्माण कार्य

***4794 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) देहरा-नगरोटा सूरियां-ज्वाली-राजा का तालाब जो एम0डी0आर0 सड़क है, वर्तमान में क्या इस सड़क की चौड़ाई का कार्य पूर्ण हो चुका है;

(ख) यदि नहीं, तो नगरोटा सूरियां-ज्वाली तक सड़क की चौड़ाई का कार्य कब तक शुरू होगा व कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा व इसके लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ग) क्या सरकार राजोल-अनुही-बग्गा मार्ग को आपस में जोड़ने हेतु पुल व पक्की सड़क के निर्माण का विचार रखती है; यदि हां, तो इसके लिए कितने बजट का प्रावधान है; ब्यौरा दें; और

(घ) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग बनौली-भाटी-डुगलू बासा-कोठा-हरनेरा सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने का विचार रखता है; यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; ब्यौरा दें?

छाछडू-छबरोग सड़क

***4795 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मल्याणा एन0 एच0-22 से गाँव छाछडू-छबरोग सड़क का कार्य किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) क्या इस सड़क हेतु मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना से 5 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत है; यदि हां, तो यह धनराशि कब तक व्यय कर दी जाएगी?

अल्ट्रासाउंड मशीन

***4796 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नागरिक अस्पताल बल्द्वाड़ा में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

नशा मुक्ति केंद्र

***4797 श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने सरकारी एवं गैर-सरकारी नशा मुक्ति केंद्र कार्यरत हैं;

(ख) प्रत्येक संस्थान में कितने बिस्तरों की क्षमता व फीस रखी गई है; और

(ग) गत 3 वर्षों में कितने लोग इन संस्थानों में इलाज हेतु भर्ती हुए; ब्यौरा दें?

इंडोर स्टेडियम निर्माण

***4798 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार सघनेई में इंडोर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

संपर्क मार्ग निर्माण

***4799 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) संपर्क मार्ग गलुआ-चलेला व सुरहाड़ के निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम की अनापत्ति के उपरान्त लोक निर्माण विभाग ने वन विभाग को कितनी धनराशि जमा करवाई है; और

(ख) धनराशि जमा करने के उपरान्त भी इन सड़क मार्गों का निर्माण कार्य किन कारणों से आरम्भ नहीं किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

बस अड्डा निर्माण

***4800 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बस अड्डा चैल-चौक व गोहर का निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कब तक इसका निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) इन दोनों बस अड्डों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें ?

Mobile Connectivity

***4801 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Technical Education Minister** be pleased to state that what steps have been taken by the Government to provide better mobile connectivity in Kullu Assembly Constituency?

नर्सों के रिक्त पद

***4802 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हरिपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्सों के कुल कितने पद सृजित तथा रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय दलाश

***4803 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय दलाश में सरकार कक्षाएं चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

आई0टी0आई0

***4804 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आई0टी0आई0 समरकोट, चिड़गांव व डोडरा-क्वार में वर्तमान में कितने ट्रेड चल रहे हैं; इन संस्थानों में कुल कितने-कितने प्रशिक्षु हैं; प्रशिक्षुओं की संख्या का ट्रेडवार ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन संस्थानों के भवनों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

नागरिक अस्पताल/प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र

***4805 श्री जिया लाल (भरमौर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर की तहसील होली तथा गैर-जनजातीय क्षेत्र धरवाला में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र कई वर्षों से चल रहे हैं; सरकार द्वारा इन दोनों केन्द्रों को स्तरोन्नत करने के लिए क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भरमौर नागरिक अस्पताल का कार्य काफी धीमी गति से चला हुआ है; यदि हां, तो विभाग द्वारा इस कार्य को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; पूर्ण ब्यौरा दें?

खेल स्टेडियम

***4806 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खेल स्टेडियम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

प्लॉट्स का आबंटन

***4807 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2007 में हिमुडा द्वारा धर्मपुर, सोलन इत्यादि स्थानों में रिहायशी प्लॉट्स के आबंटन के लिए आवेदन के साथ 5000 रुपये की अग्रिम धनराशि बुकिंग के लिए मांगी गई थी, जिसे लोगों द्वारा जमा करवा दिया गया था; और

(ख) यदि हां, तो हिमुडा के पास कितने आवेदन प्लॉट्स के लिए आए थे; सरकार ने आज तक कितने प्लॉट्स आबंटित किए; शेष आवेदकों को कब तक प्लॉट्स आबंटित कर दिए जाएंगे; नाम सहित ब्यौरा दें?

Ayurvedic Dispensary Dargi- Chalahal

***4808 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that when the construction work of Ayurvedic Dispensary Dargi-Chalahal will be started?

पदपूर्ति

***4809 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पंचायत राजगढ़ में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

डबल लेन पुल

***4810 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गिरी नदी पर डबल लेन पुल का निर्माण कब आरम्भ किया गया था; इसका शिलान्यास किसने किया; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

पदपूर्ति

***4811 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयुर्वैदिक हेल्थ सेंटर, फार्मेसी व आयुर्वैदिक अस्पताल में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं तथा कितने चिकित्सक प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

आई0टी0 पार्क

***4812 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार गग्गल में आई0टी0 पार्क का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

कन्वेंशन हॉल

***4813 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पर्यटन विभाग का सुन्दरनगर में कन्वेंशन हॉल व कमरे बनाना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य किस योजना के अन्तर्गत व कब शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

एफ0सी0ए0 स्वीकृति

***4814 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिमला में केन्द्र सरकार ने एफ0सी0ए0 की स्वीकृति हेतु कार्यालय खोल दिया है; यदि हां, तो यह कार्यालय कब से संचालित हुआ है तथा कितने एफ0सी0ए0 के मामलों को इस कार्यालय से स्वीकृति प्रदान की गई है; ब्यौरा कार्यों के नाम सहित जिलावार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) वर्ष 2021-22 में एफ0आर0ए0 के तहत कितनी स्वीकृतियां माननीय उच्चतम न्यायालय से प्राप्त हुई हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

रिक्तियां

***4815 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला किन्नौर में डेन्टल चिकित्सक, डेन्टल मैकेनिक/टेक्नीशियन के कितने पद सृजित व रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को किन कारणों से नहीं भरा जा रहा है;

(ख) जिला किन्नौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व क्षेत्रीय अस्पताल में स्टाफ नर्सिज़ के कितने पद सृजित व रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को किन कारणों से नहीं भरा जा रहा है; संस्थानवार ब्यौरा दें; और

(ग) जिला किन्नौर में Male व Female Health Worker के कितने पद सृजित व रिक्त हैं; रिक्त पदों को किन कारणों से नहीं भरा जा रहा है; ब्यौरा दें?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोघों

***4816 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जोघों का कब तक उन्नयन करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

मण्डी नगर निगम

***4817 श्री अनिल शर्मा (मण्डी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा मण्डी नगर निगम को 15 करोड़ स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो नगर निगम द्वारा इसे किन-किन योजनाओं पर किस मद के अन्तर्गत व्यय किया जाएगा; वार्डवार ब्यौरा दें?

Film City

***4818 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is there any proposal to set up a Film City in Himachal Pradesh; if yes, where; and

(b) has any corpus fund been set up to promote the film industry business in Himachal; details be given?

सुविधाएं

***4819 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि छावनी परिषद् बकलोह क्षेत्र में रह रही जनता को सरकार क्या पंचायत स्तर की सुविधाएं प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा

***4820 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डी0एफ0ओ0 चौपाल व आर0ओ0 देहा को (डी0एफ0ओ0 ठियोग के अधीन) जाइका व आई0डी0पी0 में कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है; योजनावार ब्यौरा दें; और

(ख) इन सभी योजनाओं के टेण्डर नोटिस, अवार्ड लैटर तथा कम्पलीशन रिपोर्ट की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

धनराशि का ब्यौरा

***4821 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सड़कों, पुलों व भवन निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के पास विधायक निधि, एस0डी0पी0 व एस0डी0आर0एफ़0 या किसी अन्य मद से कितनी धनराशि कब-कब प्राप्त हुई; और

(ख) यह धनराशि व्यय कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण; विलम्ब के लिए जिम्मेवार अधिकारी या ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

राष्ट्रीय आयुर्वैदिक संस्थान

***4822 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राजकीय आयुर्वैदिक कॉलेज पपरोला, ज़िला काँगड़ा को राष्ट्रीय आयुर्वैदिक संस्थान बनाने की स्वीकृति प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे सरकार द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई जा रही है; ब्यौरा दें ?

नये वाहन क्रय

***4823 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक सरकार ने किन-किन विभागों, बोर्डों, निगमों व आयोगों को नये वाहन लेने की अनुमति प्रदान की है;

(ख) इसके लिए कुल कितनी धनराशि व्यय हुई है व कौन-कौन से मॉडल के वाहन खरीदे गए;

(ग) क्या प्रदेश में वाहनों की फ़्लीट स्ट्रेंथ निर्धारित है; और

(घ) क्या सरकार ने बुलेट प्रूफ़ गाड़ियां भी खरीदी हैं; ब्यौरा दें?

पार्किंग व्यवस्था

***4824 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पुराना बस अड्डा ज्वाली में पार्किंग व्यवस्था/निर्माण का विचार रखती है; यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

चिकित्सा प्रतिपूर्ति

***4825 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश आयुर्वेद विभाग से जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, उनके चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल लम्बित पड़े हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस वर्ष लम्बित बिलों का भुगतान कर दिया जाएगा; यदि हां, तो कब तक?

स्लॉटर हाउस

***4826 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला मण्डी के सरकाघाट में स्लॉटर हाउस शहर के मध्य में स्थापित है जिस कारण इससे निकला हुआ ब्लड स्ट्रीम व स्लॉटर वेस्ट नाले से होता हुआ आवासीय क्षेत्र व किसानों के खेतों में पहुंच रहा है; यदि हां, तो सरकार इस समस्या से निजात दिलाने हेतु क्या पग उठा रही है; यदि नहीं, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

अतिरिक्त भवन निर्माण

***4827 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नागरिक अस्पताल गगरेट (50 बिस्तर) के अतिरिक्त भवन का निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक इसका निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा?

रोड-साइड एमेनिटीज

***4828 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत रोड-साइड एमेनिटीज के नाम पर प्रदेश में स्टेट हाइवेज व नेशनल हाइवेज पर कितने शौचालयों का निर्माण किया गया; इनके संचालन, रख-रखाव एवं सफाई का जिम्मा किसको सौंपा गया है; और

(ख) क्या सरकार इस सम्बन्ध में कोई नीति बनाने का विचार रखती है?

विश्राम गृह निर्माण

***4829 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विश्राम गृह जाच्छ का शिलान्यास कर दिया गया है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

शारणी-पीणी सड़क

***4830 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शारणी-पीणी सड़क का कार्य कब आरम्भ हुआ; इस कार्य को किस समयावधि के भीतर पूर्ण किया जाना था; निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

के0सी0सी0 बैंक

***4831 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक कितने घाटे में चल रहा है; गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितने एन0पी0ए0 अकांउट हुए हैं; एन0पी0ए0 हुए खाता धारकों पर सरकार क्या कार्रवाई कर रही है; ब्यौरा दें?

रोपवे निर्माण

***4832 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीखंड महादेव यात्रा मार्ग को सरकार रोपवे से जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

पॉलिटेक्निक कॉलेज

***4833 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि किन्नौर का पॉलिटेक्निक कॉलेज रोहड़ू में चलाया जा रहा है; इसे कब तक स्थानांतरित किया जाएगा तथा इसे अभी तक स्थानांतरित न करने का कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ख) रोहड़ू पॉलिटेक्निक कॉलेज में टीचिंग व नॉन- टीचिंग स्टाफ के कितने पद रिक्त पड़े हैं; ब्यौरा दें?

निर्माण कार्य

***4834 श्री जिया लाल (भरमौर) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने जनजातीय क्षेत्र भरमौर में वन विश्राम गृह घराड़ू में दो अतिरिक्त कमरों का शिलान्यास किया था; यदि हां, तो इन कमरों का निर्माण कार्य आरम्भ न होने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें;

(ख) पांगी वन भवन पठानकोट के निर्माण हेतु अब तक कितना बजट आबंटित हुआ है व कितना खर्च हो चुका है;

(ग) निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति क्या है तथा इस भवन का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; पूर्ण ब्यौरा दें; और

(घ) वर्तमान में पांगी वन भवन शमशी के निर्माण हेतु कितना बजट आबंटित व व्यय हो

चुका है; निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति क्या है तथा इस भवन का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; पूर्ण ब्यौरा दें?

ट्रक यार्ड

*4835 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि अम्बुजा सीमेंट प्लांट व अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के समीप ट्रक यार्ड नहीं है; यदि हां, तो कब तक ट्रक यार्ड बना दिए जाएंगे?

पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट

*4836 **श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने विभागों में पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट लागू है; विभागवार व मदवार विवरण दें; और

(ख) जिन संस्थानों में पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट लागू नहीं है, वहां कब तक इसे लागू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Nehra-Shaltu-Dargot and Khatnol-Daribag Road

*4837 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that construction work of Nehra-Shaltu-Dargot road has been stopped since last 9 Months;

(b) if yes, what are the reasons;

(c) by what time this road work will be completed; details be given; and

(d) what is the status of tendering of construction of Khatnol-Daribag road; by when the road work will be completed?

बस सेवा

***4838 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजगढ़ HRTC उप-मण्डल में बसों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है; इस उप-मण्डल में रिक्त पदों को भरने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) सरकार रविवार के दिन राजगढ़ व सरांह क्षेत्र हेतु बस चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें;

(ग) कोरोनाकाल के दौरान HRTC Solan व Nahan Depot के पच्छाद के लिए कितने रूट बन्द किए गए व इन रूटों को कब तक पुनः बहाल कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(घ) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजगढ़ से दिल्ली के लिए क्या सरकार बस सेवा चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

रिक्तियां

***4839 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पराडा में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं तथा कितने चिकित्सक प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए हैं?

रोपवे निर्माण

***4840 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में शक्तिपीठ मां चतुर्भुजा व माँ गढ़महेश्वरी माता मन्दिर हेतु रोपवे बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

रोस्टर की निगरानी

***4841 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के आरक्षण के लिए रोस्टर लगाया जाता है तथा उसकी निगरानी रखने हेतु एक उप-सचिव पद के पदाधिकारी को बतौर संपर्क अधिकारी नियुक्त किया जाता है; यदि हां, तो क्या यह संपर्क अधिकारी प्रदेश सरकार ने भी नियुक्त किया है; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक रोस्टर की निगरानी करने के लिए कितनी मीटिंग की गई; ब्यौरा विभागवार रोस्टर की अद्यतन स्थिति तथा सक्षम अधिकारी के नाम सहित दें?

कार्य का ब्यौरा

***4842 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सीमेंट कारखाना स्थापित करने के लिए किस कंपनी को कब एल0ओ0आई0 दिया गया; इसके लिए सैक्शन-4 का नोटिस कब दिया गया व कितनी बीघा भूमि अधिगृहित की गई है; इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) सीमेंट कारखाना बरमाणा से सुन्दरनगर के साथ लगती पंचायतें डेहर, सलापड़, कांगू इत्यादि प्रदूषण प्रभावित पंचायतों में सी0एस0आर0 द्वारा गत 15 वर्षों से क्या कोई कार्य किया गया; यदि हां, तो कार्यवार ब्यौरा दें?

हैलीपोर्ट सेवाएं

***4843 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा प्रदेश में कहाँ-कहाँ पर हैलीपोर्ट सेवाएं प्रारम्भ की गई हैं; ब्यौरा किराये सहित दें;

(ख) इन हैलीपोर्ट्स में यात्रियों को क्या सुविधाएं दी जाती हैं तथा अभी तक कितने यात्रियों ने इन सेवाओं का लाभ उठाया है;

(ग) इन हैलीपोर्ट्स के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(घ) सरकार कहां-कहां और हैलीपोर्ट खोलने का विचार रखती है?

जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम

***4844 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत प्रदेश के बजट का 9% जनजातीय क्षेत्रों के लिए चिन्हित है परन्तु पिछले कुछ वर्षों से लगातार इस चिन्हित बजट को अलग से चिन्हित करने के क्या कारण हैं; और

(ख) गत 3 वर्षों में आई0टी0डी0पी0 किन्नौर का जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत बजट को कितने प्रतिशत चिन्हित किया गया; वर्षवार ब्यौरा कारणों सहित दें?

अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

***4845 श्री अनिल शर्मा (मण्डी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बल्ह में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ दूसरे स्थानों का भी निरीक्षण करवाया गया था;

(ख) यदि हां, तो कितने स्थानों का निरीक्षण करवाया गया था; उनकी विस्तृत रिपोर्ट सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह सत्य है कि अब मात्र 3.1 किलोमीटर का ही रनवे होगा; यदि हां, तो क्या दूसरी जगहों को भी देखा जाएगा जहां पर निजी भूमि बहुत कम है; ब्यौरा दें?

Health Institutions

***4846 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many Health Institutions of all categories are there in Dalhousie Assembly Constituency;

(b) how many posts of all categories are created in these Institutions and how many are vacant; Institution-wise details be given; and

(c) what steps the Government is taking to fill-up these posts?

बस रूट/डिपो

***4847 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने बस रूट हैं तथा गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितने बस रूट बन्द किए गए; इन बस रूटों को कब तक पुनः बहाल कर दिया जाएगा; बन्द पड़े बस रूटों के नाम व स्थान सहित ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरवा बस डिपो में जितनी भी बसें आती हैं क्या उन सभी बसों में नेरवा डिपो का नाम लिखा है; ब्यौरा दें; और

(ग) ये बसें नेरवा डिपो के अन्तर्गत operational हैं या शिमला डिपो के अन्तर्गत operational हैं; ब्यौरा दें?

सेवा विस्तार

***4848 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) राजकीय मैडिकल कॉलेज नेरचौक व नाहन में वर्तमान में कार्यरत प्रधानाचार्यों को बार-बार सेवा विस्तार किस आधार पर दिया जा रहा है;

(ख) इस सेवा विस्तार के कारण किस-किस चिकित्सक को अगली पदोन्नति न मिलने की वजह से सेवानिवृत्त होना पड़ा; और

(ग) सरकार वर्तमान में 65 वर्ष के सेवाकाल को घटाने या बढ़ाने का विचार रखती है?

यशपाल शर्मा,
सचिव।